प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

दिनांक 10.03.2025 समय: 2.10 PM

राज्यपाल अभिभाषण

प्रदेश की सोलहवीं विधानसभा के बजट सत्र की आज राज्यपाल मंगूभाई पटेल के अभिभाषण के साथ शुरूआत हुई राज्य पाल ने कहा कि सरकार अगले तीन सालों में 30 लाख सोलर पंप किसानों को उपलब्ध कराएगी। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को बिजली के बिल से मुक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम–जनमन) अंतर्गत प्रदेश के 24 जिलों के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के जनजाति वर्ग के लोग लाभान्वित हुए हैं। उन्होने कहा कि अगले 5 वर्ष में प्रदेश में 1 लाख किलोमीटर सड़क निर्माण का लक्ष्य है।

नया टाइगर रिजर्व

शिवपुरी जिले में स्थित माधव नेशनल पार्क को प्रदेश का नया टाइगर रिजर्व घोषित किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया आज दो बाघ छोड़कर टाइगर रिजर्व के रूप में इसकी घोषणा करेंगे। इसके अलावा माधव टाइगर रिजर्व के प्रतीक चिन्ह का विमोचन भी किया जाएगा।

शिवपुरी के माधव राष्ट्रीय उद्यान में नए बाघ लाए जाने के बाद स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल है।

शिवपुरी से भाजपा विधायक देवेंद्र जैन ने कहा कि इससे शिवपुरी पर्यटन क्षेत्र के नक्शे पर और आगे बढ़ेगा। वहीं शिवपुरी किराना व्यापार एसोसिएशन के अध्यक्ष भरत अग्रवाल ने कहा कि इससे स्थानीय स्तर पर आय के स्त्रोत भी बढ़ेंगे इससे कई लोगों को रोजगार मिलेगा।

पक्षी सर्वे

नर्मदापुरम जिले का मौसम विदेशी पक्षियों को खूब भाता है। इस समय सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में 350 के करीब देशी और विदेशी प्रजातियों के पक्षी पाए जाते हैं। यहाँ रविवार से पक्षियों का सर्वे शुरू हो गया है। सतपुड़ा टाइगर रिज़र्व की मुख्य वन संरक्षक और क्षेत्र संचालक राखी नन्दा ने बताया कि सतपुड़ा टाइगर रिज़र्व में यह सातवां सर्वे है।

बाइट: राखी नन्दा

होली विशेष ट्रेन

रेल प्रशासन द्वारा होली के दौरान यात्रियों को सुगम, सुरक्षित एवं आरामदायक यात्रा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विशेष ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। ये ट्रेनें राज्य के प्रमुख शहरों जैसे

भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन, सागर, रीवा, सतना और अन्य क्षेत्रों को जोड़ती हैं। स्पेशल ट्रेन में से करीब 20 ट्रेनें प्रदेश के अनेक स्टेशनों से गुजरेंगी। भोपाल रेल मंडल के अधिकारियों ने बताया कि ट्रेनों के बारे में जानकारी के लिए एनटीईएस एप के अलावा रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 से प्राप्त की जा सकती है ।

सीधी हादसा

सीधी में एक सड़क दुर्घटना में 8 लोगों की मौत हो गई। वहीँ 13 लोग घायल हैं. इनमें से 7 की हालत गंभीर है। हादसा कोतवाली थाना इलाके में हुआ। मृतकों में पांच महिलाएं और तीन पुरुष शामिल हैं। घायलों को सीधी जिला अस्पताल और रीवा मेडिकल अस्पताल तूफान जीप में 21 लोग सवार थे। सभी आपस में रिश्तेदार हैं और

मुंडन संस्कार कराने मैहर जा रहे थे। मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने इस घटना पर गहरा दुःख व्यक्त किया है.

मौसम

प्रदेश में दिन का तापमान 37 डिग्री के पार पहुंच गया है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन-ग्वालियर संभाग में कल दिन का तापमान 1 से 4 डिग्री बढ़ गया। रतलाम सबसे गर्म रहा। यहां अधिकतम तापमान 37.6 डिग्री रहा। मौसम विभाग के मुताबिक, दिन-रात के तापमान में और बढ़ोतरी होगी। आज भोपाल में तापमान 35 डिग्री पार हो सकता है। बर्फीली हवा का असर घटने से ऐसा हो रहा है। इंदौर, उज्जैन में पारा 36 डिग्री के आसपास रहेगा। अन्य शहरों में भी तापमान बढ़ा हुआ रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में मार्च से ही हीट वेव यानी लू भी चलेगी।

समाचार संक्षेप में

- विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन किसान कांग्रेस द्वारा विधानसभा के घेराव दौरान रंगमहल चौराहे बना मंच टूट गया। इसमें आधा दर्जन से ज्यादा कार्यकर्ता घायल हो गए ।
- आगरमालवा जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में कल आयोजित किये गये मूल्यांकन कर्ताओं के प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर द्वारा निष्पक्ष एवं विश्वसनीय मूल्यांकन की बारीकियो से अवगत कराया गया।

- जबलपुर नगर परिषद पाटन और जनपद पंचायत के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दिव्यांग शिविर में स्थानीय विधायक अजय विश्नोई ने सहायक उपकरण ट्रायसायकल, बैटरी चलित साइकिल, कान की मशीन तथा कृत्रिम अंग वितरित किए गए।

....